# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कांकेर, वनमंडल कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/मा.चि./2025/ 1354 कांकेर, दिनांक/10 /03/2025

प्रति,

प्राचार्य,

शासकीय पॉलीटेकिनिक कांकेर

जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

विषय :— **Diversion of Forest land non-forest under Forest Conservation, Act 1980 Proposed for Govt. Polytechnic Building for skill Upgrading area 4.309 ha.**
**ऑनलाईन जीयन क्रमांक — FP/CG/Other/27773/2017**

संदर्भ :— 1. इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/मा.चि./2024/3023 दिनांक 27.12.2024

2. आपका पत्र क्रमांक/स्था./शा.पॉ.का./857 दिनांक 20.12.2024

---

विषयांतर्गत संदर्भित का अलवोकन करें। कांकेर वनमंडल अंतर्गत कांकेर परिक्षेत्र के ग्राम नाथियानवागांव में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण हेतु प्रस्तावित वन भूमि रकबा 4.309 हे. में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के पत्र क्रमांक/FC-1 IROCH-07/2021/529 दिनांक 08.02.2022 द्वारा प्रथम चरण की स्वीकृति की गई है।

प्रकरण में प्रथम चरण की स्वीकृति में अधिरोपित शर्त में अधिरोपित शर्त क्रमांक — (ii) के अनुसार व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि रकबा 4.309 हे. के विरूद्ध दुगूने क्षेत्र में वैकल्पिक वृक्षारोपण किये जाने के लिए प्रचलित सिंचित वैकल्पिक वृक्षारोपण की दर 11,69,680/— रूपये मान से 1,00,80,302/— रूपये तथा शर्त क्रमांक — (iv) के अनुसार व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि रकबा 4.309 हे. के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली पत्र दिनांक 6.1.2022 के द्वारा प्रत्याशा मूल्य के संबंध में जारी नवीन दिशा—निर्देश अनुसार ईको—क्लास IIIrd (Tropical dry deciduous Forest) के लिए निर्धारित दर 9,57,780/— रूपये प्रति हेक्टेयर के मान से राशि 41,27,074/— रूपये इस प्रकार वैकल्पिक वृक्षारोपण/प्रत्याशा मूल्य के लिए **कुल राशि 1,42,07,376/— रूपये (एक करोड़ ब्यालीस लाख सात हजार तीन सौ छिहत्तर रूपये)** कैम्पा खाता में जमा की जानी है।

आपके बताये अनुसार राशि 1,00,00,000/— रूपये ट्रेजरी मद तथा शेष राशि 42,07,376/— रूपये व्यक्तिगत खाता में उपलब्ध होने के कारण एकमुश्त राशि एक ही समय में जमा किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः आप वैकल्पिक वृक्षारोपण राशि 1,00,80,302/— रूपये में से 1,00,00,000/— रूपये तथा शेष 80,302/— रूपये वैकल्पिक वृक्षारोपण एवं प्रत्याशा मूल्य की राशि 41,27,074/— रूपये इस प्रकार कुल 42,07,376/— रूपये का पृथक—पृथक ई—चालान जनरेट कर राशि कैम्पा खाता में जमा कर यू.टी.आर.नम्बर सहित चालान की मूल प्रति पालन प्रतिवेदन के साथ इस कार्यालय को उपलब्ध करावें।

विदित हो कि प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जब तक अंतिम चरण की स्वीकृति जारी नहीं हो जाती, तब तक शासन द्वारा निर्धारित के अनुसार वैकल्पिक वृक्षारोपण की अंतर राशि जमा करनी होगी।

प्रतिवेदन सूचनार्थ।

वन मण्डलाधिकारी
कांकेर वनमंडल, कांकेर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2025/ 1355 कांकेर, दिनांक/10 /03 /2025

प्रतिलिपि :—

1. **अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध) छ.ग.नवा रायपुर अटल नगर** को दिनांक 7.3.2025 को दूरभाष पर हुई चर्चा के संदर्भ मेंसूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. **मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त, कांकेर** को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित ।

वन मण्डलाधिकारी
कांकेर वनमंडल, कांकेर